भारत ने ICC अंडर-19 महिला T-20 विश्व कप 2025 जीता

स्रोत: पी.आई.बी

भारत ने मलेशिया में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) **अंडर-19 महिला T-20 विश्व कप 2025** जीत लिया।

- इसका आयोजन ICC द्वारा किया जाता है, इसमें राष्ट्रीय महिला अंडर-19 टीमें **T-20 प्रारूप** में प्रतिस्पर्द्धा करती हैं।
- **पहला संस्करण:** पहला ICC अंडर-19 महिला T-20 विश्व कप **वर्ष 2023** में आयोजित किया गया, जिसकी मेज़बानी **दक्षिण अफ्रीका** ने की थी। भारत ने **इंग्लैंड** को हराकर पहला खिताब जीता।
- **ICC:** यह **क्रिकेट के लिये वैश्विक नियामक संस्था** है, जो **108 सदस्यों (भारत सहित)** की देखरेख और विश्व भर में खेल के प्रबंधन के लिये ज़िम्मेदार है।
    - **ICC आचार संहिता** और खेल की शर्तों को लागू करना, तथा अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिये मैच अधिकारियों की नियुक्ति करना।
    - ICC अपनी भ्रष्टाचार निरोधक इकाई के माध्यम से **भ्रष्टाचार और मैच फिक्सिंग से निपटने** में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा खेल की अखंडता सुनिश्चित करता है।
- **क्रिकेट के प्रारूप:** ICC अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट के तीन मुख्य प्रारूपों को मान्यता देता है**(टेस्ट मैच** , **एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय** (ODI) और **ट्वेंटी 20 अंतर्राष्ट्रीय (T-20 I))।**
    - **टेस्ट क्रिकेट:** यह सबसे पुराना प्रारूप है (वर्ष 1877 से), जो पाँच दिनों तक चलता है तथा प्रत्येक टीम को दो पारियाँ खेलनी होती हैं।
    - **एकदिवसीय मैच:** वर्ष 1971 में शुरू किये गए इन 50 ओवर के मैचों में तकनीक, गति और कौशल का मिश्रण होता है।
    - **T-20I: वर्ष** 2005 में शुरू किया गया **T-20I** क्रिकेट का सबसे नया, सबसे छोटा (आमतौर पर तीन घंटे में खेला जाने वाला) और सबसे तेज प्रारूप है, जिसमें प्रत्येक टीम 20 ओवर खेलती है।

और पढ़ें: भारत ने 2024 का T-20 विश्व कप जीता

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-won-icc-under-19-women-s-t20-world-cup-2025